अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला

चर्चा में क्यों?

27 जनवरी, 2023 को राजस्थान लघु उद्योग निगम के अध्यक्ष राजीव अरोड़ा ने जोधपुर में हुई राजस्थान निर्यात संवर्द्धन परिषद की बैठक में बताया कि राजस्थान में औद्योगिक विकास को विश्वपटल पर नई ऊँचाइयाँ देने के उद्देश्य से आगामी 20 से 22 मार्च, 2023 तक जोधपुर के ईपीसीएच सेंटर बोरानाड़ा औद्योगिक क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला आयोजित किया जाएगा।

प्रमुख बिंदु

- राजस्थान लघु उद्योग निगम के अध्यक्ष राजीव अरोड़ा ने बैठक में बताया कि इस अंतर्राष्ट्रीय मेले में जोधपुर से निर्यात होने वाले प्रमुख उत्पाद फर्नीचर के अलावा कृषि एवं विभिन्न प्रकार के प्रसंस्करण उद्योगों, इंजीनियरिंग उत्पाद, स्टील आदि का भी प्रदर्शन किया जाएगा।
- उन्होंने बताया कि इसके लिये यूरोप, अमेरिका, मध्य एशिया, ऑस्ट्रेलिया आदि देशों के भारतीय दूतावास एवं उच्चायुक्तों के माध्यम से विदेशी क्रेताओं से संपर्क कर इस आयोजन में भाग लेने के लिये आमंत्रित किया जाएगा। इसमें हस्तशिल्प निर्यात संवर्द्धन परिषद एवं प्रमुख निर्यातक तथा निर्यातक संगठन भी वांछित सहयोग करेंगे।
- राजीव अरोड़ा ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर के इस व्यापार मेले के सफल क्रियान्वयन के लिये विभिन्न उद्यमियों एवं निर्यातकों से सुझाव आमंत्रित कर उन पर मुख्य रूप से अमल किया जाएगा। स्थानीय निर्यातक एवं गैर-निर्यातक उद्यमी इस आयोजन को सफल बनाने के लिये हरसंभव भागीदारी का निर्वाह करेंगे।
- उन्होंने बताया कि एक्सपो से विशेषरूप से संभाग के उन कारीगरों को प्रोत्साहन मिलेगा, जिन्हें गाँव-गाँव में काम करके अपने उत्पादों को बेचने के लिये दिल्ली, मुंबई आदि महानगरों में जाना पड़ता है। इस आयोजन के माध्यम से अधिक-से-अधिक खरीदारों तक उत्पाद पहुंचेंगे तथा स्थानीय उत्पादों के प्रति इनका आकर्षण बढ़ेगा।
- बैठक में बताया गया कि मेला अवधि में जोधपुर शहर में सड़कों के विशेष रख-रखाव व सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इस आयोजन में सहयोग के लिये आयोजक संस्थाओं तथा उद्यमियों द्वारा एक समिति का गठन किया जाएगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/international-trade-fair-8